कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-14/04/2025

विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी, व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस मु0अ0स0-0117/2025 धारा 115(2),191(2),109,352 बी0एन0एस0 थाना सिगरा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हरीश मिश्रा उर्फ बनारस वाले मिश्रा जी पुत्र राधे कृष्ण मिश्रा निवासी म.न. C 19/59 K काशी विद्यापीठ थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 41 वर्ष को एसएसपीजी कबीर चौरा हास्पिटल के पास से दिनांक 14/04/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 12/04/2025 को थाना स्थानीय पर इस आशय कि लिखित सूचना प्राप्त हुई कि हरीश मिश्रा उर्फ बनारस वाले मिश्रा जी द्वारा माँ करणी के ऊपर अपशब्द कहने को लेकर आवेदक श्री अविनाश मिश्रा द्वारा पूछने आये थे जिस पर हरीश मिश्रा व उनके 15 से 20 सहयोगी लोगो ने हमला किया मारपीट करके लहु लुहान कर दिया जिससे आवेदक अविनाश मिश्रा व उनके मित्र स्वास्तिक को गभीर चोट आयी है उक्त के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर अभियोग दर्ज है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-

अभियुक्त हरीश मिश्रा उर्फ बनारस वाले मिश्रा जी पुत्र राधे कृष्ण मिश्रा निवासी म.न. C 19/59 K काशी विद्यापीठ थाना सिगरा जनपद वाराणसी उम्र 41 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग-

1-मु0अ0स0-0117/2025 धारा 115(2),191(2),109,352 बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

अपराधिक इतिहासः- (अभियुक्त हरीश मिश्रा उपरोक्त)

क्र.सं.	मु0अ0सं0	धारा	थाना
1.	0021/2015	7 दंडविधि (द्वितीय संशोधन) अधि0 1983 व 143/341/353 भा0द0वि0	सिगरा
2.	0183/2018	141/142/143/145/147 भा0द0वि0	लोहता
3.	0697/2018	153ए/506 भा0द0वि0	सिगरा
4.	0338/2020	294 भा0द0वि0	सिगरा
5.	0421/2020	143/145/269/270 भा0द0वि0	सिगरा
6.	0202/2021	153बी/295ए/505(2) भा0द0वि0 व 67 आईटी एक्ट	सिगरा

7.	0207/2021	120बी/153बी/295ए/354/5004/505(2) भा0द0वि0 व 67 आईटी एक्ट	सिगरा
8.	0042/2025	299 बी0एन0एस0 व 67 आईटी एक्ट	सिगरा
9.	0117/2025	115(2)/191(2) बी0एन0एस0	सिगरा
10.	0119/2025	7 सीएलए एक्ट व 132/223/285 बी0एन0एस0	सिगरा
11.	0120/2025	115(2)/196(1)/299/356(3) बी0एन0एस0	सिगरा

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकल शाण्डिल्य चौकी प्रभारी काशी विद्यापीठ थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 इन्द्रेश यादव थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सतीश कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 आजाद कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।